Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

SAMACARA PATRA SHBDAKOSHA

G. K. V.
HARDWAR

R
१
२६

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

Stock Verification-2024

Anis Book Binding House
Karachh Moh..., ... Road
J..AL.PUR

Stock Verification-2024

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

यह पुस्तक वितरित न की जाय
NOT TO BE ISSUED

सन्दर्भ ग्रन्थ
REFRENCE BOOK

[illegible] १९८४-१९८५

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

समाचारपत्र शब्दकोष

संपादक

डा० सत्यप्रकाश

डी. एस-सी., एफ़. ए. एस-सी.

CHECKED 1973

हिन्दी-साहित्य-सम्मेलन
प्रयाग

२०००

हिन्दी साहित्य सम्मेलन, प्रयाग

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

समाचारपत्र शब्दकोष

संपादक

डा० सत्यप्रकाश

डी. एस-सी., एफ. ए. एस-सी.

पुस्तकालय
गुरुकुल कांगड़ी

19668

Stock Verification-2024

हिन्दी-साहित्य-सम्मेलन
प्रयाग

२०००

हिन्दी साहित्य सम्मेलन, प्रयाग

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

प्रकाशक का वक्तव्य

स्वर्गीय श्रीमान् बड़ौदा-नरेश सर सयाजीराव गायकवाड़ महोदय ने बम्बई सम्मेलन में स्वयं उपस्थित होकर ५०००) रुपये की जो सहायता सम्मेलन को प्रदान की थी, उससे सम्मेलन ने सुलभ साहित्य-माला के अंतर्गत कई उत्तमोत्तम पुस्तकें प्रकाशित की हैं। प्रस्तुत पुस्तक उसी माला में प्रकाशित हो रही है।

साहित्य-मंत्री

पुस्तक सं०.......
आगत सं०.......
तिथि.......

प्रथम वार २५० : मूल्य १॥)
मुद्रक : श्री गिरिजाप्रसाद श्रीवास्तव, हिन्दी साहित्य प्रेस, प्रयाग

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

भूमिका

हिन्दी-साहित्य सम्मेलन, पूना के अवसर पर मेरे मित्र श्री पुत्तनलाल विद्यार्थी जी ने यह इच्छा प्रगट की कि समाचार-पत्रों में प्रयुक्त होने वाले विशेष-शब्दों का संग्रह किया जाय और ऐसे शब्दों का निर्वाचन किया जाय जो समस्त आर्य्य-भाषाओं में एक समान व्यवहृत हो सकें। यह कार्य मेरी प्रवृत्ति के अनुकूल था, अतः मैंने उन्हें आश्वासन दिया कि यथाशक्य मैं इस काम को शीघ्र आरंभ कर दूँगा। फलतः अंग्रेज़ी समाचार पत्रों में प्रयुक्त १५०० शब्दों के लगभग की एक सूची मैंने तैयार की। इसी बीच हिन्दी साहित्य सम्मेलन प्रयाग की स्थायी समिति में (स्थायी समिति की बैठक सौर २७ माघ सं० १९९७ ता० ९ फरवरी १९४१ ई०) निम्नलिखित मन्तव्य स्वीकृत हुआ —

"हिन्दी, गुजराती, मराठी और बंगाली भाषाओं को एक दूसरे के निकट लाने के लिए प्रायः १५०० शब्दों की एक सूची बनाई जाय, जिसमें ऐसे पारिभाषिक शब्द रहें जो पत्र-पत्रिकाओं में बहुधा व्यवहृत होते हैं। उद्योग किया जाय कि इस सूची के शब्दों का प्रयोग उपर्युक्त भाषाओं के समाचार-पत्रों और पत्रिकाओं में हो। इस सूची को बनाने के लिए निम्नलिखित सज्जनों की एक उपसमिति बनाई जाय जो सूची तैयार करके साहित्य समिति के पास प्रकाशनार्थ भेज दें।

टिप्पणी—पारिभाषिक शब्दों से तात्पर्य वैज्ञानिक शब्दों से नहीं है। साधारण सामाजिक जीवन में व्यवहृत शब्दों की सूची बनाने का अभिप्राय है।" उपसमिति में श्री पुत्तनलाल विद्यार्थी, डा० बाबूराम सक्सेना और डा० सत्यप्रकाश (संयोजक) थे।

जिस समय मैंने यह कार्य आरंभ किया था उस समय मेरी धारणा यह थी कि इस कार्य को मैं शीघ्र पूरा कर डालूँगा। पर कई कारणों से इसमें अधिक समय लग गया। मैंने जो शब्द-सूची बनायी थी, उसमें श्री विद्यार्थी जी ने कुछ शब्द बढ़ाये, और इसकी प्रतिलिपियाँ विभिन्न भाषीय अनेक विद्वानों के पास भेजीं। उन्होंने इस कार्य की उपयोगिता तो स्वीकार की, पर उनसे अधिक सहायता न मिल सकी। हर्ष की बात है कि डा० सुनीतिकुमार चटर्जी ने हमें पूरा सहयोग दिया, और हमारे शब्दों के बंगाली पर्याय भेजने की कृपा

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

की। हम उनके अत्यन्त आभारी हैं। हमारे इस कोष में इस समय २१३० शब्द हैं।

पहला कार्य हम लोगों ने यह किया कि मराठी, गुजराती और बंगाली कोषों की सहायता से उपर्युक्त सूचीवाले शब्दों के पर्याय कार्डों पर एकत्रित किये। इस कार्य में श्री इन्दूरकरजी से मुझे पूर्ण सहयोग मिला। श्री सुनीति बाबू के दिये गये शब्दों को इस सूची में सम्मिलित कर लिया गया। यह कार्य निम्न कोषों की सहायता से किया गया—

(१) दि प्रेसिडेन्सी इंगलिश-गुजराती एण्ड गुजराती इंगलिश डिक्शनरी—केशवलाल भगवानदास नानावती द्वारा संग्रहीत (१६३६)—(प्रकाशक एस० बी० शाह एण्ड कंपनी, अहमदाबाद)।

(२) दि ट्वेंटियथ सैंचुरी इंगलिश मराठी डिक्शनरी—एन० बी० राणाडे द्वारा संग्रहीत (१६०६)—(प्रकाशक दि वेस्टर्न इण्डिया पब्लिशिंग कंपनी, बंबई)।

(३) बिगिनर्स डिक्शनरी (इंगलिश इन्टु बंगाली)—बेनीमाधव गांगुलि द्वारा संग्रहीत (१६१४)—(प्रकाशक एस० सी० ओडी एण्ड कंपनी, कलकत्ता)।

कोषों की सहायता से काम समाप्त करने के अनन्तर हमने यह आवश्यक समझा कि समाचार-पत्रों में प्रयुक्त होने वाले वास्तविक शब्दों का भी संकलन किया जाय। निम्न समाचार-पत्रों से शब्दों का चयन किया गया—

(१) **हिन्दी**—आज, भारत, विश्वमित्र, हरिजन सेवक, भारतीय समाचार।

(२) **मराठी**—नवाकाळ, केसरी और ज्ञानप्रकाश।

(३) **बंगाली**— आनन्दबाज़ार पत्रिका।

(४) **गुजराती**—जन्मभूमि, दांडीओ, फुलछाब, और वन्देमातरम्।

इन समाचार-पत्रों के नाम देने का यह अभिप्राय कदापि नहीं है कि अन्यों की अवहेलना की गयी। हमारी यह धारणा है कि ये समाचार-पत्र अपनी-अपनी भाषाओं का प्रतिनिधित्व करने में सर्वथा समर्थ हैं। प्रस्तुत कोष में शब्दों के नाम के आगे समाचार-पत्रों के जो नाम दिये गये हैं, उससे केवल यह अभिप्राय है, कि ये शब्द हमारे गढ़े हुये नहीं है, इनका उन पत्रों में वस्तुतः प्रयोग हो चुका है। ये शब्द अन्य समाचार-पत्रों में भी व्यवहृत हो रहे हैं, पर हमने इन्हें जहाँ से प्रथम लिया है, वहीं का नाम दिया है।

समाचार-पत्रों में प्रयुक्त समस्त शब्दों का संकलन तो संभव न था। प्रत्येक समाचारपत्र के दो-तीन अंकों के आधार पर ही ये शब्द लिये गये हैं। समाचार-पत्रों से शब्दों के संकलन करने में हमें निम्न सज्जनों से विशेष सहायता मिली जिनके हम अत्यन्त आभारी हैं—डा० सत्येश्वर घोष, श्री भक्ति

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

प्रसाद केशवलाल त्रिवेदी, श्री वंकटलाल ओझा और श्री विनायकराव। श्री त्रिवेदी जी ने हमारे कोष के समस्त गुजराती शब्दों का अवलोकन किया और अपने परामर्शों से सदा सहायता दी। हमारे मित्र डा० बाबूराम सकसेना और प्रो० ब्रजराज जी ने भी इस कोष के अधिकांश सभी भाग को देखा।

इस कोष का यह वर्तमान रूप केवल विचारार्थ प्रस्तुत किया जा रहा है। इसमें संशोधन और विस्तार की सदा आवश्यकता रहेगी। अनेक योग्य व्यक्तियों से सहायता पाने पर भी मुझे यह शंका है कि इसमें कुछ भयंकर त्रुटियाँ अवश्य रह गयी होंगी, जिनका समस्त उत्तरदायित्व मेरे ऊपर है। मुझे यह आशा है कि विद्वान् व्यक्ति अपने परामर्शों से हमें सदा कृतार्थ करेंगे।

इस कोष के संकलन में सब से अधिक प्रोत्साहन हमें श्री पुत्तनलाल जी विद्यार्थी से मिला है।

शब्दों का सङ्कलन

साधारणतया समाचार पत्रों में जीवित भाषा के सभी शब्दों का व्यवहार होता रहता है, अतः इस शब्द समूह में से विशेष शब्दों का चयन करना सर्वदा आसान नहीं है। इस समय हमारे समाचारपत्रों की परिस्थिति यह है कि इनके पास देशी-विदेशी सभी संवाद अंग्रेज़ी भाषा में पहुँचते हैं। तारों की भाषा का माध्यम भी अंग्रेज़ी है। राउटर, एसोशियेटेड प्रेस आदि संवाददातृ-संस्थायें अपना काम अंग्रेज़ी में चलाती हैं। हमारे सम्पादकों को अतः न केवल सम्पादन करना पड़ता है, उन्हें संवादों को अपनी भाषा में भाषान्तरित भी करना पड़ता है। वस्तुतः भाषान्तरित करने का काम संवाददाताओं का था, पर देश-विदेशों में हमारे देशी पत्रों की कोई योजना नहीं है। बहुधा एक ही संवाददाता के प्रेषित संवाद हिन्दी के अनेक समाचार-पत्रों में अनेक रूपों में प्रकाशित होते हैं। कभी-कभी ये अनुवाद परस्पर इतने भिन्न होते हैं कि इनमें और मूल संवाद में संबंध निकालना कठिन हो जाता है। सम्पादकों को इन संवादों के जिन शब्दों के अनुवाद करने में विशेष कठिनता प्रतीत हो सकती है, उनके संकलन का ही हमने प्रयत्न किया है। इस कोष में समाचारपत्र संबंधी निम्न विषयों का समावेश किया गया है—

(१) साधारण विज्ञापन।
(२) सिनेमा और रेडियो का विज्ञापन।
(३) देशी विदेशी समाचार।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(४) ऋतु आलोचना।
(५) खेलों और मैचों के संवाद।
(६) कचहरी के साधारण समाचार।
(७) बाज़ार और व्यापार।
(८) धारा सभाओं के भाषण और उनकी राजनीतिक और आर्थिक योजनायें।
(९) सार्वजनिक सभाओं और संस्थाओं के संवाद।
(१०) साधारण वक्तृताओं और भाषणों में प्रयुक्त शब्द।
(११) युद्ध संबंधी वर्तमान शब्दावली।
(१२) भारतीय राजनीति संबंधी आन्दोलनों के शब्द।

समाचारपत्रों के साप्ताहिक विशेषांकों के विषय-क्षेत्र की कोई मर्यादा नहीं है। इनमें साहित्यिक, वैज्ञानिक सभी प्रकार के विषयों पर गम्भीर आलोचनायें आ सकती हैं। हमारे कोष की शब्दावली इन विशेषांकों की दृष्टि से तो सदा अपूर्ण रहेगी।

समाचार-पत्रों की शब्दावली दो भागों में विभक्त की जा सकती है। (१) अपेक्षतः स्थायी, (२) सामयिक। कुछ शब्द तो ऐसे हैं जो सदा जीवित रहेंगे, पर कुछ शब्दों का प्रचलन युग की प्रगति के अनुसार होता है, और युग-परिवर्तन के बाद ये शब्द भी परिवर्तित हो जाते हैं। गांधीवाद ने भारतीय भाषाओं को अनेक शब्द दिये। सत्याग्रह, अहिंसात्मक आन्दोलन, असहयोग, पिकेटिंग, अनशन, हड़ताल, आदि शब्दों को गान्धीयुग में जो भावनायें प्राप्त हुईं वे किसी कोरे साहित्यिक कोष को देखकर नहीं समझी जा सकती हैं। नेशनलिस्ट, प्रगतिवादी, अग्रगामी दल (फार्वर्ड ब्लाक), आदि शब्द भिन्न-भिन्न युगों में भिन्न-भिन्न महत्व प्राप्त करेंगे। हमने अपने इस कोष में उन शब्दों का संग्रह किया है जिनकी उपयोगिता वर्तमान प्रगति की दृष्टि से ही है। आगे चलकर राजनीतिक परिस्थिति के अनुसार अनेक नये शब्दों का व्यवहार बढ़ेगा और संभवतः अनेक शब्दों के अर्थ भी परिवर्त्तित हो जायँ। यह बात कुछ उदाहरणों से स्पष्ट हो जायगी। कौन्सिल और ऐसेम्बली इन दो शब्दों का अभिप्राय आज और सर्वत्र वह नहीं है, जो पहले था। प्लीडर और एडवोकेट दोनों शब्दों की मूल भावना एक है, पर ये शब्द दो भिन्न अर्थ रखते हैं। मुंसिफ और जज दोनों पर्य्याय शब्द नहीं हैं। जज को जस्टिस भी नहीं कह सकते। चीफ जज और चीफ जस्टिस शब्द में भी अन्तर है। इन सब शब्दों की भावनायें कालापेक्ष हैं। मेजिस्ट्रेट से लेकर चीफ जस्टिस तक सब शब्द न्याया-

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

धीश शब्द द्वारा ही व्यक्त नहीं किये जा सकते। किस संस्था को सम्मेलन कहा जाय, किसे परिषद्, किसे सभा और किसे समिति, इसके लिये सदा सर्वमान्य एक नियम नहीं बनाया जा सकता। जिस शब्द का जिस अभिप्राय में जिस काल के लिये प्रचार हो जायगा वह शब्द उस काल-सीमा में उसी भावना का द्योतक होगा। ये शब्द इस दृष्टि से क्षणस्थायी होते हैं। संभवत: हिन्दी में नियम, धारा, क़ानून, एक्ट चारों शब्द कभी पर्याय के रूप में और कभी पृथक् भावों के रूप में व्यवहृत होते रहें।

अत: यह ध्यान रखना चाहिये कि इस कोष में जिन शब्दों का चयन किया गया है, वे केवल वर्तमान आवश्यकताओं और भावनाओं को ही प्रगट करते हैं। हमारे प्रान्त में नयी कौन्सिलों के विधान के साथ अनेक नये शब्द आये, और यदि कल विधान परिवर्तित हो जाय तो इन शब्दों का रूढ़ि अर्थ भी परिवर्तित हो जायगा। इस विधान से पूर्व हमें स्पीकर शब्द के प्रयोग की आवश्यकता नहीं पड़ती थी। स्पीकर का अनुवाद न तो ठीक-ठीक प्रवक्ता है और न सभाध्यक्ष। पर जो शब्द स्पीकर शब्द की भावना के लिये रूढ़ि हो जायगा, वही सर्वोत्तम होगा।

महायुद्धकालीन शब्द

गत यूरोपीय महायुद्ध के अनन्तर जितने अधिकृत अंग्रेज़ी कोष प्रकाशित हुए थे उनमें परिशिष्ट के रूप में उन शब्दों की सूची दी गयी थी जिनका प्रयोग युद्धकाल में किसी विशेष अर्थ में हुआ था। इन शब्दों ने भाषा में नया स्थान पाया और इनमें से अनेक का व्यवहार स्थायी साहित्य में होने लगा। खेद है कि गत महायुद्ध से हमारी भाषा के कोषकारों ने कोई लाभ न उठाया। हमने यहाँ जिन शब्दों का चयन किया है उनका महत्व इस दृष्टि से विशेष है। इस महायुद्ध के कुछ विशेष शब्द ये हैं—

Mines, air raid, A. R. P., D. I. R., lease and lend act, scorched earth policy, black out, submarine, U-boats, cover practice, axis power, blockade, Quistling, bomber, transport ships इत्यादि।

इस युद्ध के कारण समाचारपत्र-साहित्य में अनेक शब्दों का प्रवेश हो गया है। हमारे कोषकारों को चाहिये कि वे ऐसी विस्तृत सूची बनावें जिसमें वे सब शब्द हों जिनको हमने इस युद्धकाल में अपनाया है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

भारतीय भाषाओं का पारस्परिक संपर्क

जिस समय हम विदेशी भाषा में प्रेषित संवादों को भारतीय भाषाओं में रूपान्तरित करते हैं, तो उस समय हमारे सम्मुख दो मार्ग रहते हैं। पहला मार्ग तो सरल है। हम अंग्रेजी शब्दों को ज्यों का त्यों अपना लेते हैं। दूसरा मार्ग शब्दों के अनुवाद का है। बहुत कम ऐसा होता है कि हमें इन शब्दों के लिये अपने ठेठ शब्द मिल जायँ। जब ठेठ शब्द नहीं मिलते तो हम या तो संस्कृत-शब्दभंडार का आश्रय लेते हैं या फारसी-अरबी शब्दों का। हिन्दी, मराठी, गुजराती और बंगाली आर्य भाषाओं के लिये संस्कृत, अरबी, फारसी और अंग्रेजी शब्द बराबर ही निकट या दूर हैं। कोई कारण नहीं कि यदि हम संस्कृत का एक शब्द हिन्दी में प्रयोग कर सकते हैं, तो वही शब्द मराठी, बंगाली या गुजराती में भी क्यों न उपयोग में लाया जाय। मेरा अभिप्राय यह है कि प्रत्येक ऐसे अंग्रेज़ी शब्द के लिये जिसके लिये उपयुक्त ठेठ शब्द न मिले, हम बंगाली, मराठी, हिन्दी और गुजराती में एक ही शब्द का व्यवहार कर सकते हैं। उदाहरण के लिये "न्यूज़पेपर" शब्द को ही लीजिये। हिन्दी मेंइसे समाचार-पत्र और अख़बार कहा जाता है। बंगाली में संवादपत्र या बहुधा खबरेर कागज (खबर-कागज) और गुजराती-मराठी में वर्तमानपत्र या वृत्तपत्र भी कहते हैं। यह अन्तर केवल चलन का अन्तर है, कोई मौलिक नहीं। 'वर्तमानपत्र' शब्द में कोई ऐसी बात नहीं है जिसके आधार पर यह शब्द गुजराती कहा जाय, यह शब्द तो हम सबको बराबर ही स्वीकार्य्य हो सकता था। एक भाव के लिये कई पर्य्याय संस्कृत में मिल सकते हैं। हुआ यही कि न्यूज़पेपर शब्द के लिये सब प्रान्त-भाषियों ने अलग-अलग अनुवाद किये, और अकस्मात् उन्होंने अलग-अलग पर्याय ग्रहण कर लिये। सभी पारिभाषिक क्षेत्रों में यही अवस्था है। यदि अनुवाद-कार्य में सब प्रान्तीयों का सहयोग होता तो इस समय मराठी, गुजराती, बंगाली और हिन्दी की शब्दावली बहुत कुछ एकसी होती। हमने अपने कोष में चारों आर्य भाषाओं के शब्दों का संग्रह दिया है। इस शब्दावली को देख कर स्पष्ट हो जायगा कि कुछ ठेठ शब्दों को छोड़कर लगभग सब शब्द ऐसे हैं जो हम सबको समान मान्य हो सकते हैं।

यहाँ यह भी कह देना उचित है कि हमारे दिये गये कोष में बहुत से शब्द ऐसे हैं कि जिन्हें हम न तो बंगाली कह सकते हैं, न मराठी, न हिन्दी और न गुजराती। कुछ शब्द बंगाली शीर्षक के साथ इसलिये दिखाये गये हैं

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

क्योंकि वे डा० सुनीतिकुमार चटर्जी द्वारा प्रेषित थे। यदि डा० चटर्जी बंगाली हैं तो इसका यह अभिप्राय नहीं है कि किसी अंग्रेज़ी शब्द का उनके द्वारा दिया गया संस्कृत पर्य्याय बंगाली हो जावे। इसी प्रकार यदि किसी अंग्रेजी शब्द का संस्कृत पर्य्याय मैंने अपनी ओर से प्रस्तावित किया है तो स्वभावतः उसे हिन्दी शीर्षक के साथ रक्खा गया है। पर मेरे हिन्दी-भाषी होने के कारण ही तो वह संस्कृत पर्य्याय केवल हिन्दी का शब्द नहीं बन जाता। जब तक कोई शब्द संस्कृत है, अंग्रेज़ी है या अरबी-फारसी है, उसमें यह क्षमता है कि वह इन चारों भाषाओं में से सब में ही समानतः व्यवहार में आ सके।

हमारे इस कोष में चारों भाषाओं के शब्दों के संकलन के दो मुख्य उद्देश्य हैं। पहला तो उद्देश्य यह है कि हमें इससे इन चारों भाषाओं की तुलनात्मक गति-विधि का पता चल जाता है। इस प्रकार के कोष का स्वयं एक साहित्यिक महत्त्व है। दूसरा उद्देश्य यह है कि कालान्तर में यह आशा की जा सकती है कि एक ही अंग्रेज़ी शब्द के लिये जहाँ तक संभव हो सभी भाषाओं में एक ही शब्द का ग्रहण किया जाय। ऐसा होना असंभव नहीं है। हम सबका शब्द-स्रोत एक ही है, और जब नया शब्द बनाना ही है तो एक ही क्यों न बनाया जाय। प्रचलित भिन्न-भिन्न पर्य्यायों में से कौन सा शब्द सर्वमान्य ग्रहण किया जाय, यह कहना इस समय कठिन है। मैंने अपनी ओर से कुछ ऐसे शब्दों को रेखांकित कर दिया (ये शब्द विशेष टाइप में छपे हैं) जिनमें मेरी समझ में ऐसी क्षमता है कि ये चारों भाषा-भाषियों के काम के हो सकते हैं। पर मेरे ये परामर्श केवल प्रस्ताव-रूप हैं। इन शब्दों का सम्यक् व्यवहार ही इस बात का निश्चय कर सकता है कि ये शब्द सब भाषाओं में एक समान प्रचलित हो सकेंगे या नहीं। कई पर्य्यायों में से कौन सा शब्द चुना जाय, इसके लिये कोई सिद्धान्त नहीं बनाया जा सकता है। हमारी केवल यह शुभाकांक्षा है कि चारों भाषाओं के शब्द एक दूसरे के जितने निकट आ सकेंगे उतनी ही राष्ट्रीय भावनाओं को पुष्टि मिलेगी। समाचार-पत्रों की पहुँच सामान्य जनता तक होती है अतः यदि इनकी पारिभाषिक शब्दावली एक हो जाय तो भिन्न-भिन्न भाषाओं और भाषा-भाषियों में अधिक घनिष्टता स्थापित हो सकती है। ऐसा होने में शक्ति का अपव्यय भी कम होता है।

चारों भाषाओं के पारिभाषिक शब्दों को निकटतम लाने का प्रयत्न सरलता से सफल हो सकता है यदि संवाददाता और संवाद-प्रेषक संस्थायें अपने संवाद अंग्रेज़ी में न भेजकर भारतीय भाषाओं में भेजा करें और वे स्वयं एक

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

शब्दावली का प्रयोग करें। कालान्तर में हमें ऐसी योजना अवश्य करनी पड़ेगी। स्वतंत्र राष्ट्र होने पर तो हमारे संवाददाता देश-देशान्तरों के समाचार हमें हमारी भाषा में भेजना अपना कर्तव्य समझेंगे जैसे इस समय भी बर्लिन, लंडन और जापान से हमें समाचार हमारी भाषा में ही रेडियो में सुनाये जाते हैं।

हमारी इच्छा तो थी कि कोष में हम उड़िया, तामिल-तेलगू आदि भाषाओं को भी स्थान देते, पर यह इस समय संभव नहीं हो सका है। दाक्षिण-भाषाओं की अपनी एक पृथक् समस्या है, अतः हमने इस समय केवल अपनी मुख्य चार भाषाओं से ही सन्तोष किया है।

यह ठीक है कि हमने अपने कोष में अनेक फारसी-अरबी शब्दों को भी स्थान दिया है। हिन्दी, मराठी और गुजराती में तो इन शब्दों का बाहुल्य है ही, बंगाली में भी काफ़ी उर्दू शब्दों का प्रयोग होता है (विशेषतया न्यायालय संबंधी शब्द), पर कुछ उर्दू-फ़ारसी शब्दों के ग्रहण से ही उर्दू की समस्या को हम सुलझा नहीं सकते। अतः हमने अपने कोष को उर्दू अख़बारों की आवश्यकताओं से मुक्त रक्खा है। संभव है कि हमारी यह निर्बलता हो, पर हम अपनी विवशता से लाचार हैं। मेरी तो व्यक्तिगत धारणा है कि हिन्दुस्तानी के नाम पर चाहें हम कितने ही फारसी शब्द क्यों न ले लें, इससे उर्दू वाली समस्या नहीं सुलझेगी।

अंग्रेजी शब्दों का तद्रूप ग्रहण

स्पष्टतः हमारे समाचार-जगत् में दो विचारधारायें काम कर रही हैं। एक विचारधारा तो यह है कि जहाँ तक हो सके, अधिक से अधिक अंग्रेज़ी शब्दों का यथातथ्य ग्रहण किया जाय। दूसरी विचारधारा यह है कि जब तक नितान्त आवश्यक ही न हो, अंग्रेजी शब्द ग्रहण न किये जायँ। उनको अनूदित कर लिया जाय। फलतः हम देखते हैं कि बहुधा समाचार-पत्र में एक ही पृष्ठ पर एक स्थल पर तद्रूप अंग्रेजी शब्द दिया हुआ है, और थोड़ी दूर पर उसी शब्द के लिये हिन्दी पर्य्याय का प्रयोग किया गया है। इसका अभिप्राय यह है कि संभवतः बहुत दिनों तक हम अंग्रेजी और हिन्दी दोनों शब्दों का प्रयोग मान्य समझते रहेंगे, प्रीमियर और प्रधान मंत्री, लेजिस्लेटिव और धारा सभा, एयोरोप्लेन और विमान, माइन और सुरंग, ए० आर० पी० और ह० इ० हि०, रायल एयर फोर्स और शाही वायुसेना, डिग्री और उपाधि, सेक्रेटरी और मंत्री, वर्किंग कमेटी और कार्यसमिति, रेडिओ और नभोवाणी, और इसी प्रकार के

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अनेक शब्द-द्वन्द्व बराबर प्रयोग में आते रहेंगे। संभव है, कि आफ़िस, दफ़्तर और कार्य्यालय ; कोर्ट, कचहरी और न्यायालय; रेड, आक्रमण और हमला, एयरोप्लेन, विमान और हवाई जहाज़, तीन तीन शब्दों का बराबर प्रचार रहे। यह केवल लेखक और संवाददाता के ऊपर निर्भर है कि वह एक का प्रयोग करे, दोनों का या तीनों का। संभवतः ऐसी परिस्थिति में अधिक आदर्शीकरण की नीति घातक या अनुपयुक्त सिद्ध हो। यह कहना कठिन है कि किस अंग्रेजी शब्द को ज्यों का त्यों ले लिया जाय और किसका अनुवाद किया जाय। अंग्रेजी शब्दों को ज्यों का त्यों या कुछ विकार के साथ अपना लेने की प्रवृत्ति ने हिन्दी-अंग्रेजी मिश्रित भाषा के रूप को जन्म दिया है जिसका नामकरण मैंने इंगलिस्तानी किया है। इंगलिस्तानी का विकास इस समय लगभग उसी ढंग पर हो रहा है जिस पर किसी समय उर्दू का हुआ था।

हिन्दी समाचार-पत्रों में अंग्रेज़ी शब्दों का कितना अधिक प्रयोग होता है, इसे व्यक्त करने के लिये हम निम्न शब्दों को देते हैं जो ११ मई १९४३ के "आज" से संकलित किये गये (विज्ञापनों में प्रयुक्त शब्दों को छोड़ दिया गया है)।

अपील	क्लाथ	प्रेफरेन्स
अफसर	चायपार्टी	फर्स्ट
असिस्टेण्ट वार्डन	चेयरमैन	बंक
असिस्टेण्ट इन्स्पेक्टर	जंकशन	बजट
असेम्बली	जेल	बम
आर्डनरी	ट्रांसफर	बाजार का 'टोन'
इंटरिम डिविडेण्ड	ट्रेनिंग	बोर्ड आव् डाइरेक्टर
इंसपेक्टर जनरल	डाइरेक्टर	मारकेटिंग इन्सपेक्टर
एजेंट	डिज़ाइन	मेकेनिकल
एरिया मजिस्ट्रेट	डिप्टी कमिश्नर	मेसेंजर
कंट्रोलर	डिप्टी सुपरिंटेंडेंट	मैनेजिंग डाइरेक्टर
कमीशन	डिविज़न	मोटर ड्राइवर
कमेटी	डिविडेंड	रजिस्टर
कर्फ्यू आर्डर	नोट	राशन
कॉटन	नोटिस	रिज़र्व बैंक
कापियाँ	परचेजिंग एजण्ट	रिपोर्ट
कारपोरेशन	पास करना (प्रस्ताव)	रीजन्

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

रेडिकल दल	शेयर एटॉलमेंट	सिविकगार्ड
रेडियो	शेयर बाजार	सेंट्रल
रेलवे	सर्किल वार्डन	स्टाक
लाइसेंस	सबडिविज़नल	स्टेशन
लाठीचार्ज	सप्लाइ डिपो	स्टैंडर्ड क्लॉथ
लीग	साइकिल	होल्डर

मराठी, गुजराती और बंगाली के समाचार-पत्रों में भी अंग्रेज़ी शब्दों का इतना ही बाहुल्य है।

अंग्रेज़ी शब्दों का वर्णानुक्रम

यदि कोई शब्द हमें अंग्रेजी का अपनाना ही है, तो दूसरी समस्या हमारे सम्मुख उसके वर्णानुक्रमित (स्पेलिंग) करने की होती है। चारों आर्य भाषाओं में अंग्रेजी मासों के नाम अपनाये गये, चारों की वर्णमाला एक सी होने पर भी चारों में इन नामों का वर्णानुक्रम भिन्न-भिन्न है। यह बात नीचे की सारिणी से स्पष्ट है :—

हिन्दी	बंगाली	मराठी	गुजराती
जनवरी	जानुयारी	जानेवारी	जन्युआरी
फर्वरी	फ़ेब्रुयारी	फेब्रुवारी	फेब्रुआरी
मार्च	मार्च्च	मार्च	मार्च
अप्रेल	एप्रेल	एप्रिल	एप्रिल
मई	मे	मे	मे
जून	जुन	जून	जुन
जूलाई	जुलाइ	जुलै	जुलाइ
अगस्त	आगष्ट	ऑगस्ट	ऑगस्ट
सितम्बर	सेप्टेम्बर	सेप्टेंबर	सप्टेंबर
अक्तूबर	अक्टोबर	ऑक्टोबर	ऑक्टोबर
नवम्बर	नबेम्बर	नोव्हेंबर	नवेंबर
दिसम्बर	डिसेम्बर	डिसेंबर	डीसेंबर

बंगाली वर्णानुक्रमण की भिन्नता का कारण तद्देशीय उच्चारण है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

फलतः जिन फारसी या अंग्रेज़ी शब्दों को उन्होंने अपनाया है, उनका वर्णानुक्रमण भी उन्होंने हिन्दी-भाषियों की अपेक्षा भिन्न प्रकार से किया है। हमारे कोष से स्पष्ट हो जायगा कि इस प्रकार की कुछ विभिन्नतायें मराठी और गुजराती में भी हैं पर यह संभव है कि हिन्दी, मराठी और गुजराती की वर्णानुक्रम पद्धति का आदर्शीकरण हो जाय। ऐसा होना सर्वथा अनिवार्य्य तो नहीं पर श्रेयस्कर अवश्य है। अंग्रेजी Bomb के लिये बम (हिन्दी), बोमा (बंगाली) और बोम (गुजराती) का प्रयोग होता है। इनमें वर्णानुक्रम का थोड़ा-थोड़ा अन्तर है। म्यूनिसिपैलिटी आदि अनेक और शब्द भी इसके उदाहरण हैं।

फारसी और संस्कृत शब्दों के वर्णानुक्रम के संबंध में भी चारों भाषाओं (विशेषतया मराठी और गुजराती) में कुछ विभिन्नतायें हैं जो इस कोष से स्पष्ट हो जायेंगी। जैसे सलाहगार, सल्लागार; पैदल, पायदल; शहर, शहेर; मित्रराष्ट्र, मीत्रराष्ट्र; धरी, धुरी आदि। विभिन्नता प्रदर्शित करने के लिये सबसे कौतूहल-जनक उदाहरण "राज़ीनामा" शब्द है। न जाने किस प्रकार यह शब्द मराठी और गुजराती में त्याग-पत्र का द्योतक हो गया।

हमारे इस कोष से बहुत-सी तुलनात्मक भाषा-विशेषताओं पर प्रकाश पड़ सकता है।

खेल संबंधी संवाद

खेद का विषय है कि खेल संबंधी संवादों की शब्दावली का हमने बहुत कम विकास अपनी भाषा में किया है। अंग्रेजी समाचार-पत्रों में खेल के संवादों को विशेष स्थान मिलता है, और इनमें जनता बहुत रुचि लेती है। हमारे समाचार-पत्रों की लोकप्रियता ज्यों-ज्यों बढ़ेगी इनके संवादों को भी स्थान देना पड़ेगा। कलकत्ते के बंगाली समाचार-पत्र सार्वजनिक खेलों का विस्तृत वर्णन देते हैं। हॉकी, क्रिकेट, फुटबॉल और टेनिस के खेलों के संवाद देने के लिये हमारे पास उपयुक्त शब्दावली नहीं है। संभवतः आरंभ से अन्त तक हमें सब शब्द ज्यों के त्यों अंग्रेज़ी के अपनाने पड़ें। इन अंग्रेज़ी शब्दों का जनता में प्रचार भी बहुत हो गया है।

व्यापार और वाणिज्य के शब्द

समाचार-पत्रों की व्यापकता का व्यापार और वाणिज्य से विशेष संबंध है। आजकल हिन्दी समाचार-पत्रों में इस विषय के संवाद बहुधा अधूरे

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

छपते हैं। उन पर समीक्षात्मक टिप्पणियाँ तो यदाकदा ही दी जाती हैं। मराठी और गुजराती पत्र इस दृष्टि से अधिक पूर्ण हैं। हमने यथाशक्य व्यापार-वाणिज्य के आवश्यक शब्दों को इस कोष में स्थान दिया है। विदेशी विनिमय के अनेक अंग्रेज़ी शब्द ज्यों के त्यों भारतीय भाषाओं में लिये जाने लगे हैं। इनके भी अनुवाद का प्रश्न जटिल है।

जहाँ तक मेरा विचार है, यह कोष अपने विषय का पहला है और स्वभावतः यह अपूर्ण है। आगे के कार्य के लिये यह आधार बनाया जा सकता है, और हमें आशा है कि पत्रकार व्यक्तियों से सहयोग पाने पर कालान्तर में यह अधिक उपयोगी बनाया जा सकेगा। इस भूमिका में प्रकाशित विचारों का समस्त उत्तरदायित्व मेरे ऊपर है।

कलाकुटीर
प्रयाग
ज्येष्ठ शु० ५, १९९९

सत्यप्रकाश

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

संकेत

हिन्दी

भारत—भारत (प्रयाग)—७-८ जून १९४२
वि० मि०—विश्वमित्र (कलकत्ता)—४, ५, ८ जून १९४२
ह० से०—हरिजन सेवक (अहमदाबाद)—२४, ३१ मई १९४२
आज—आज (काशी)
भा० स०—भारतीय समाचार हिन्दी (दिल्ली)—१५ मार्च, १ जून १९४२
भ०—सुखसम्पतिराय भंडारी का कोष, भाग २, अजमेर

गुजराती

ज० भू०—जन्मभूमि—१५ मई १९४२
दांडीओ—दाँडीओ—२१ मई ४२
व० मा०—वन्देमातरम्—१२ अप्रेल १९४२
फु० छा०—फुलछाब—जून १९४२

बंगाली

आ० बा०—आनन्द बाज़ार पत्रिका (कलकत्ता)—१२ मई, ८ जून १९४२

मराठी

केसरी—केसरी—६ दिसम्बर १९४१
ज्ञा० प्र०—ज्ञानप्रकाश—१७-२३ मई १९४२
न० का०—नवाकाळ—२२ मई १९४२

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

A

Absentee हि० अनुपस्थित, ग़ैर-हाज़िर; म० गैरहाजीर, गैररुजू; बं० अनुपस्थित व्यक्ति; गु० गेरहाजर, अनुपस्थित।

Accept (to) हि० स्वीकार करना, मानना, राज़ी होना; म० स्वीकारणें, ग्रहण करणें; बं० अनुमोद्य करा, स्वीकार करा; गु० स्वीकारवुं, मान्य-राखवुं, ग्रहण करवुं।

Acceptance हि० स्वीकृति, मंजूरी; म० ग्रहण, स्वीकरण, अंगीकार; बं० स्वीकृति, ग्रहण क्रिया, स्वीकार; गु० मंजूरी, स्वीकार।

Acceptance, office हि० पद-ग्रहण (आज)।

Accident हि० दुर्घटना (वि० मि०) म० अपघात, (ज्ञा० प्र०)।

Account हि० हिसाब, आय-व्यय-ब्योरा, गणना; म० हिशेब, जमाखर्च, आयव्यय; बं० गणना, हिसाब; गु० हिसाब।

Accounts हि० विवरण (आज)।

Accounts, to balance हि० शिल्लक निकालना, खाता ब्योढ़ा करना; म० शिलक भाडा, काढणें, खाते बाकी काढ़णें, तोंड मिलवणी करणें; गु० शिलिक काढवी।

Accountancy हि० गणना शास्त्र, हिसाब पद्धति, बहीखाता; बं० हिसाब रचाण; म० हिशेबनिसाचें, आफिस काम; गु० नामुं, हिसाबी खातुं।

Accountant हि० मुनीम, ख़जा-नची; म० हिशेबी, गणक, फडनवीस, हिशेबनीस; बं० हिसाब-नविस, मुहुरी; गु० मुनीम, हिसाबनीस।

Accuse (to) हि० दोषी ठहराना, दोषारोपण करना; म० दोष देणें, दोष लावणें; बं० दोषी करा, अपराधी करा; गु० दोष देवो, आरोप लगाडवो।

Accused हि० मुलज़िम, अपराधी, दोषी, अभियुक्त; म० अभियुक्त, अभिषक्त, गुनहगार, आरोपी; बं० अभियुक्त, अपराधी, कृतापराध व्यक्ति, आसामी; गु० अपराधी, गुनेगार।

Achievement हि० उपार्जन, प्राप्ति, सम्पादन; म० महत् कृत्य, साहस कार्य, सम्पादन; बं० सम्पादन, साहसिक कार्य, अवदान, कृति।

Acknowledge (to) हि० प्राप्ति स्वीकार करना; म० पोहोंच देणें, पावती देणें; बं० प्राप्तिस्वीकार करा; गु० स्वीकार करवो।

Acknowledgment हि० प्राप्ति स्वीकार, रसीद; म० पावल्याची पावती, रसीद (पावतीपत्र); बं० प्राप्ति स्वीकार, स्वीकरण, रसिद, दाखिला, धन्यवाद; गु० पावती, रसीद।

Acoustic mine ध्वनि सुरंग (भ०)

Acquire (a land) हि० उप-

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

लब्ध करना, उपार्जन करना ; म० उपार्जन करणें, उपलब्ध करणें; बं० उपार्जन, अर्जन करा ।

Acquired हि० उपार्जित ; म० उपार्जित, लब्ध; बं० उपार्ज्जित ।

Acquit (to) हि० छुड़ाना, छोड़ देना, मुक्त करना; म० दोषमुक्तकरणें, निर्दोषी ठरविणें; बं० शोध करा, मुक्त करा, खालास देउया; गु० निर्दोष ठेरववुं, छोडी देवो ।

Acquitted हि० निरपराध, अपराधमुक्त; म० अपराधमुक्त, निरपराध; बं० दायमुक्त, मुक्त; गु० निरपराधी, निर्दोषी ।

Act हि० विधान, नियम, ऐक्ट; म० कायदा, ॲक्ट; बं० विधि, आइन; गु० कायदो ।

Acting (President) हि० कार्यवाहक, स्थानीय ; म० कार्यकारी, चालू, बदली, स्थानीय; बं० प्रतिनिधि रूपे कार्यकारी, अस्थायी ; गु० कामचलाउ प्रमुख ।

Activities हि० हलचल(वि० मि०)

Additional (revenue) हि० अतिरिक्त; म० अधिक, जोड़लेला; बं० अतिरिक्त ।

Address हि० पता ; म० पत्ता ; बं० पता, ठिकाना ; गु० ठेकाणुं ।

Address हि० वक्तृता, संभाषण, अभिनन्दन-पत्र, मान-पत्र (वि० मि०); म० वक्तृता, भाषण ; बं० वक्तृता, संभाषण, अभिनन्दन; गु० भाषण, मानपत्र ।

To address (a meeting) हि० (सभा में) व्याख्यान देना, वक्तृता देना ; म० सम्बोधणें, सभेंत भाषण करणें, सभेत बोलणें ; बं० आह्वान ; गु० भाषण करवुं ।

Adjourn (to) हि० स्थगित करना; म० लांबणीवर टाकणें, तहकूब करणें, स्थगित करणें ; बं० स्थगित करा (राखा), मूलतवि राखा ; गु० मोकुफ राखवी, मुलतवी राखवुं ।

Adjournment हि० स्थगित क्रिया ; म० तहकूबी, तहकूबीचा काल ।

Adjournment (motion) हि० स्थगित करने का प्रस्ताव ।

Adjust (to) हि० मिलाना, मेल में लाना ; म० सुधारणें, व्यवस्था करणें, बन्दोबस्त करणें, हिसेब नक्की करणें ; बं० व्यवस्थापूर्वक राखा, ठिक करा, समंजस करा; गु० अनुकुळ करीलेवुं , बेसतुं करीलेवुं ।

Adjustment हि० मिलान, समाधान ; म० ठाकठिकी, व्यवस्था, विमाच्या रकमेंची तोड जोड; बं० व्यवस्थापित करण, मीमांसा, समाधान, सामंजस्य - विधान; गु० समाधान (तोड) ।

Adjutant हि० सहसेनाध्यक्ष, ऐड्जुटैण्ट ।

Administer (to) हि० शासन-करना, प्रबन्ध करना ; बं० निर्वाह करा, शासन चालानो ; गु० वहीवट करवो, कारभार चलाववो ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

Administration हि० शासन, प्रबन्ध; म० कारभार, कार्यनिर्वाह, शासनव्यवस्था; बं० अध्यक्षता, शासन; गु० कारभार, शासनपद्धति।

Administrator हि० शासक, प्रबन्धक; म० कारभारी; बं० निर्वाहक; गु० कारभारी, शासक, शासनकार।

Admiral हि० नौसेनानायक।

Admiralty हि० जलयुद्ध-सभा, नौ-सेना समिति; बं० नौ-सेना विभाग।

Admission हि० प्रवेश; म० प्रवेश, मान्यता, प्रवेशदान, प्रवेश करण्याची परवानगी; बं० भर्ति, प्रवेशानुमति, प्रवेशाधिकार; गु० प्रवेश, दाखल थवुं ते।

Admission Card हि० प्रवेश-पत्र; म० प्रवेश-पत्र, गु० अनुमति-पत्र।

Adopt (aresolution) (to) हि० स्वीकार करना; म० स्वीकारणें, अंगीकारणें; बं० ग्रहण करा, अंगीकार करा; गु० स्वीकारवुं, ग्रहण करवुं, अनुकरण करवुं, मंजुर राखवो।

Adoption हि० गोद लेना, दत्तक विधान; म० दत्तक ग्रहण, दत्तक स्वीकार; बं० अंगीकार, ग्रहण, पोष्य-पुत्र ग्रहण; गु० दत्तक लेवुं ते, (दत्तक विधान)।

Adult हि० प्रौढ़, वयस्क; म० प्रौढ, पोक्त; बं० वयस्क, पूर्ण वयस्क व्यक्ति, साबालक; गु० पुख्त माणस (पुरुष), तरुण, युवान, प्रौढ।

Adult education हि० प्रौढ़-शिक्षा; म० प्रौढशिक्षा; गु० प्रौढ-शिक्षा।

Advance guard हि० हरावल की फौज (भ०); म० बिनी।

Advanc (in) हि० अग्रिम (आज), पेशगी; म० आगाऊ (न० का०), बं० अग्रिम; गु० अगाउथी आपेला नाणां।

Advance (to) हि० पेशगी देना, अग्रिम देना; म० आगाऊ देणें; बं० अग्रिम देउया; गु० अगाउथी पैसा आपवा।

Advance (family) हि० उन्नतिशील, प्रगतिशील; म० सुधारलेले (कुटुंब), प्रगतिशील; गु० सुधरेलां कुटुंब।

Advancement म० प्रगति (ज्ञा० प्र०)।

Advertise (to) हि० विज्ञापन देना, नोटिस निकालना; म० जाहीर करणें, प्रकट करणें; बं० प्रचार करा, विज्ञापन देउयां; गु० जाहेर खबर आपवी, प्रसिद्ध करवुं, जाहेर करवुं।

Advertisement हि० विज्ञापन (आज), इश्तहार, घोषणा; म० जाहिरात (न० का०), जाहिर खबर, प्रसिद्धीकरण; बं० विज्ञापन, विज्ञप्ति,

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पत्रघोषणा, ईस्ताहार; गु० जाहेर खबर (व० मा०), जाहेरात।

Advice हि० परामर्श, सलाह; म० मसलत, सल्ला; बं० परामर्श, मंत्रणा; गु० शिखामण, बोध, सलाह, उपदेश।

Advise (to) हि० सलाह देना, परामर्श देना; म० मसलत देणें, सल्ला देणें, उपदेश देणें; बं० परामर्श देउया; गु० शिखामण देवी, सलाह आपवी, बोध देवो।

Advisers हि० सलाहकार, परामर्श-दाता, मंत्री; म० सल्लागार, (ज्ञा० प्र०); बं० परामर्शदाता; गु० शिखा-मण आपनार, सलाहकार।

Advisory Board, Central Educational हि० केन्द्रीय शिक्षा सलाहकार संघ (भा० स०)।

Advisory Committee हि० परामर्शक समिति; म० सल्लागार समिति (ज्ञा० प्र०); बं० परामर्श समिति; गु० सलाहकार सभा (मंडल)

Aerial war fare हि० हवाई युद्ध।

Aerodromes हि० एयरोड्रोम, हवाई अड्डा (आज), हवाई पड़ाव; म० विमानी टप्पा; बं० विमान आश्रय; गु० हवाई जहाज राखवानुं मथक अथवा स्थळ, ऐरोड्रोम।

Aeroplanes हि० हवाई जहाज, वायुयान, विमान; म० जहाज, वायुयान, विमान (ज्ञा० प्र०); बं० विमान, हश्रोश्राइ जाहाज; गु० हवाई जहाज, विमान (दांडीश्रो)।

Affected area हि० आहत क्षेत्र, बाधित क्षेत्र; संक्रामित अंचल।

Affiliated हि० सम्बद्ध, स्वीकृत (भा० स०)।

Affiliation हि० संबद्धीकरण।

Afternoon हि० तीसरे पहर (आज)

Agency हि० एजेन्सी, आढ़त; म० गुमास्तेगिरी, अड़त; बं० गोमस्ता-गिरि; गु० आड़त, मारफत, एजन्सि।

Agent हि० एजण्ट, प्रतिनिधि, आढ़तिया; म० प्रतिनिधि, गुमास्ता, कारभारी, मुनीम, वकील, अडत्या, एजण्ट; बं० प्रतिनिधि, प्रतिभू, कार्यकारक, गोमस्ता, उकिल; गु० आडतीओ, मारफतिओ, दलाल, मुनीम, प्रतिनिधि।

Agent general हि० एजेण्ट जनरल, प्रधान दूत (आज)।

Aggression हि० प्रथमाक्रमण, आततायीपन; बं० प्रथम आक्रमण; गु० पहेलो हुमलो, पहेली चढाई।

Aggressor हि० प्रथम आक्रमण-कारी (ह० से०), आततायी (भ०); म० अगळीक करणारा; बं० प्रथम आक्रमणकारी; गु० लडाइनी शरु-आत करनार—पहेल करनार।

Agrarian (problem) हि० भूमि-(क्षेत्र) संबंधी, क्षेत्रिक; म० क्षेत्रिक, शेतजमीन संबंधी; बं० भूमि संक्रान्त;

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

गु० जमीन अथवा मिल्कतनी बाबतनुं।

Agreement हि० समझौता (आज), प्रतिज्ञापत्र, करारनामा, ठहराव ; म० प्रतिज्ञा, ठराव, वायदा ; बं० शर्त, एकरारनामा ; गु० शरत कबूलात।

Agriculture हि० कृषि, खेती ; म० शेती, शेतकी, कृषि, खेती ; बं० कृषि-कर्म, चाष ; गु० खेती बाड़ी, कृषिकर्म, खेती।

Air base हवाई अड्डा।

Aid हि० मदद, सहायता ; म० मदत (ज्ञा० प्र०)।

Air-craft हि० वायु-यान, हवाई-बेड़ा ; गु० वायुयान।

Air communications हि० हवाई डाक ; म० विमान वहातूक (ज्ञा० प्र०)।

Aircraft carriers हि० विमान-वाहक पोत (आज), वायुयान वाहक जहाज (भ०)।

Air crash हि० हवाई लड़ाई, वायु संघर्ष, विमान संघर्ष, वायु-प्रतिद्वन्द्व, आकाश-युद्ध ; बं० विमान-पात ; गु० आकाश-युद्ध।

Air force हि० आकाश सेना, आकाश शक्ति, विमानवाहिनी (वि० मि०), वैमानिक दल, हवाई ताकत, वायुबल ; बं० विमानवाहिनी (आ० बा०) ; गु० हवाई दल।

Air operation गु० विमानी प्रवृत्ति (जन्म०)।

Air precautions हि० हवाई बचाव (आज)।

Air port हवाई पड़ाव।

Air raid हि० हवाई हमला (आज), वैमानिक आक्रमण ; बं० विमान आक्रमण ; गु० हवाई हुमलो।

Air raid alarm हवाई ख़तरे का भोंपू (भ०)।

Air raid precautions हि० हवाई हमले से हिफ़ाज़त या रक्षा ; बं० विमान आक्रमण विरोधक (आ० बा)।

Airraid shelter हवाई रक्षागार (भ०)।

Airways हि० वायुमार्ग।

Alarm हि० ख़तरा, भय, भयध्वनि, चेतावनी ; म० आसन्नभय ; बं० आसन्न विपदा ; गु० चेतवणी।

Alarming news हि० भयानक या विपद संवाद, ख़तरे की ख़बर, भय-घोषणा ; म० आसन्नभय सूचना ; बं० भयावह संवाद, उद्वेगजनक संवाद, आसन्न विपदेर संवाद ; गु० चेतवणी, चिंताजनक खबरो।

Alerts हि० चेतावनी ; गु० चेतवणी। (जन्म०)।

Alkali हि० क्षार, खार ; म० क्षार, खार ; बं० क्षार ; गु० क्षार, खार।

Allegation हि० दोषारोप ; म० मिथ्याभियोग, दोषारोप ; बं० दृढोक्ति, अभियोग दोषारोप ; गु० दोषारोप, दलील।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

Allotment हि० हिस्सा, भाग; म० वाटणी, वाटा, भाग; बं० अंश, भाग, बोटोआरा; गु० वहेंचणी, फाळो, भाग।

Allies हि० मित्रराष्ट्र (आज); म० दोस्त राष्ट्र, मित्रराष्ट्र, मित्रपक्ष; बं० सन्धिसूत्र-मित्र; गु० मीत्रराष्ट्रो, मित्रराष्ट्र, (जन्म०)।

All-out-aid चौमुखी सहायता (भ०)।

Ambassador हि० राजदूत, एलची, सफ़ीर; म० राजदूत; बं० राजदूत; गु० राज्यदूत, एलची।

Ambulance ऐम्बुलैंस, सेवासमिति आहत-परिचर्या विभाग।

Ambulance corps हि० ऐम्बुलैंस सेना।

Ambulance train हि० ऐम्बुलैंस गाड़ी।

Amend, to, (a bill) हि० संशोधन करना (आज); म० अपसूचना करणें, सुधारणा करणें, दुरुस्ती करणें; बं० संशोधन करा, परिवर्तन करा; गु० सुधारवुं।

Amendment हि० संशोधन; म० संशोधन, उपसूचना; बं० संशोधन, संशोधित प्रस्ताव; गु० फेरफार, शोधन, सुधारो (फु० छा०)।

Ammunition गोला बारूद।

Amnesty हि० रिहाई, क्षमा, निर्मुक्ति।

Amnesty, general हि० सामान्य रिहाई।

Amount (e.g. of rainfall) हि० मात्रा, मिक़दार।

Ammunition हि० गोला बारूद, युद्ध-सामग्री; म० दारूगोला, युद्ध-सामग्री, शस्त्रास्त्र (ज्ञा० प्र०), युद्ध-साहित्य; बं० बारुद गुलि प्रभृति युद्धेर सरञ्जाम; गु० शस्त्रसामग्री (जन्म०), युद्ध-सामग्री।

Anarchy हि० अराजकता (ह० से०)।

Annexation हड़पना, जीतकर मिला लेना, बं० संयोजन।

Anniversory हि० वार्षिकोत्सव (आज)।

Announce (to) हि० घोषणा करना (आज), सुनाना; म० जाहीर करणें, घोषणा करणें; बं० घोषणा करा; गु० जाहेर करवुं, प्रसिद्ध करवुं, खबर आपवी।

Announcement हि० घोषणा (भारत); म० घोषणा, प्रसिद्धि; बं० घोषणा (आ० बा०); गु० जाहेरात, निवेदन।

Annual हि० वार्षिक (आज), सालाना; म० वार्षिक; बं० वार्षिक (आ० बा०), वात्सरिक; गु० वार्षिक।

Answer हि० उत्तर, प्रत्युत्तर, जवाब; म० उत्तर, प्रत्युत्तर, जवाब, जाब; बं० उत्तर, जवाब; गु० जवाब, उत्तर, प्रत्युत्तर।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

Anti-aircraft हि० वायुयान विध्वंसिनी तोप (भा० स०), वायुयान प्रतिध्वंसक, हवामार तोप (भ०), विमान बेधी तोप (आज); म० वायुयान प्रतिरोधी।

Anti-semetism (war) हि० यहूदी विरोध।

Anti-tank guns हि० टैंक तोड़ तोप (भा० स०), टैंक मार तोप (भ०)।

Anxiety हि० चिन्ता, म० काळजी, चिंता, हळहळ; बं० उत्कण्ठा, उद्वेग; गु० चिंता, फिकर, उद्वेग।

Appeal हि० अपील, प्रार्थना; म० अपील (ज्ञा० प्र०), विवाद, फिर्याद (ज्ञा० प्र०), प्रार्थना, मदती करितां अर्ज; बं० अनुरोध, आवेदन, आपील; गु० विनंती, आजीजी करवी, अरजी करवी।

Appearance (as witness) हि० उपस्थिति, सामने प्रस्तुत होना; म० साक्षीदार होअन उपस्थित होणें, बं० उपस्थित; गु० साक्षी माटे हाजर थवुं (to appear)।

Appeasement policy हि० शान्तिकारक (प्रसन्नकारक) नीति, संतुष्टीकरण नीति (भ०)।

Appendix हि० परिशिष्ट; गु० पुरवणी (जन्म०)।

Applicant हि० प्रार्थी, उम्मेदवार, आवेदनकारी; म० अर्जदार, अर्ज करणारा; बं० आवेदनकारी, प्रार्थी; गु० अरजदार, विनंती करनार।

Application हि० अर्जी, आवेदन-पत्र (आज), प्रार्थनापत्र, दरख्वास्त; म० अर्ज, विनंती, प्रार्थना; बं० आवेदन, प्रार्थना, दरखास्त (आ० बा०); गु० अरजी, विनंती, प्रार्थना।

Apply हि० अर्जी देना, दरख्वास्त देना, प्रार्थना करना; म० अर्ज करणें, विनंती करणें, प्रार्थना करणें; बं० प्रार्थना करा, आवेदन करा (आ० बा०); गु० अरजी करवी।

Appointment हि० नियुक्ति (भारत); म० नेमणूक (ज्ञा० प्र०)।

Approve (to) हि० मंजूर करना, स्वीकार करना; म० सम्मति देणें, मान्यता देणें, अनुमोदन करणें, पसन्द करणें; बं० अनुमोदन करा, मंजूर करा, पछन्द करा; गु० पसंद करवुं, मान्य राखवुं।

Approver हि० दोषी, राज-साक्षी, मुखबिर; म० माफ़ीआ, साक्षी(दार); बं० राजसाक्षी; गु० ताज तरफथी साक्षी देनार।

Area हि० क्षेत्र, अंचल (वि० मि०); गु० विस्तार (दांडीओ)।

Armed हि० सशस्त्र (ह० से०)।

Armament युद्धोपकरण, सामाने-जंग, जंगी सामान।

Armed force हि० सशस्त्र सेना, सज्जित सेना; बं० सशस्त्र वाहिनी

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

गु० सशस्त्र सेना ।

Armed revolution हि० सशस्त्र क्रान्ति या विप्लव ।

Armament हि० युद्ध सामग्री; म० सज्जीकृत सैन्य, फौजबन्दी, सेनाभार; बं० रणतरी समूह, वहर; गु० युद्ध-सामग्री ।

Armed police हि० सशस्त्र पुलिस (आज) ।

Armistice हि० युद्ध-विश्रांति, विराम सन्धि, आरज़ी सुलह; म० लढाईची तहकुबी, सांकेतिक युद्ध-विराम; बं० अल्प कालेरजन्य युद्ध-निवृत्ति, युद्ध विरति; गु० युद्ध-विराम, सन्धि, तहकुबी ।

Armoured cars हि० फौलादी गाड़ियाँ, बख्तरबन्द गाड़ी (भा० स०), बख्तरदार मोटरगाड़ी (वि० मि०); म० रण गाड़ी (न० का०); बं० साँजोवा गाड़ी; गु० रणगाडी (जन्म०) ।

Armoured clash हि० टैंकयुद्ध (आज) ।

Armoured division हि० यंत्र-सज्जित दस्ता ।

Arms हि० अस्त्र-शस्त्र, हथियार; म० शस्त्र, हत्यार, चिलखत; बं० अस्त्र-शस्त्र, युद्धास्त्र; गु० हथियार, अस्त्र-शस्त्र ।

Army हि० सेना, फौज; म० सैन्य (ज्ञा० प्र०); बं० बाहिनी (आ० बा०); गु० लश्कर (जन्म०) ।

Arrest हि० कैद, पकड़, गिरफ़्तारी; म० अटक, धरणें; बं० आटक, रोध, धृत करा गु० केद, अटकाव ।

Arrest, to हि० गिरफ़्तार करना (आज), पकड़ना ।

Artillery or arsenal हि० तोपखाना; म० तोफखाना (ज्ञा० प्र०), तोफा; बं० कामान समूह, गोलन्दाज सैन्य; गु० तोपखानुं ।

Artillery barrage गोले के बाँध (भ०) ।

Artisans हि० कारीगर, शिल्पी; म० शिल्पकार, कामगार; बं० शिल्पी, कारीगर; गु० हुन्नरी, कारीगर ।

Artist हि० कलाकार; म० कसबी, कारागीर, कला कुशल; बं० शिल्प पण्डित; गु० शिल्पी, कलाकार, किसबी ।

Assailant हि० आक्रमणकारी, हमलाकारी; म० हल्ला करणारा; बं० आक्रमणकारी; गु० हुमलो करनार, आक्रमण करनार ।

Assembly हि० एसेम्बली (आज), सभा; म० सभा, मंडली, बैठक; बं० सभा, समारोह, समाज, परिषत्; गु० सभा, मंडळी, कचेरी ।

Assistants हि० सहकारी, सहयोगी, सहायक (आज); म० मदतगार, सहकारी, हस्तक; बं० सहायक, सहकारी; गु० मदद आपनार, मददगार, सहाय कारक ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

Assistant secretary हि० सहायक मंत्री, उपमंत्री; म० उपचिटणीस, उपमंत्री (ज्ञा० प्र०); गु० उपमंत्री।

Assurance हि० आश्वासन (भारत); म० आश्वासन (ज्ञा० प्र०)।

Assurances हि० ऐशुरेन्स, बीमा; म० अभयदान, अभयपत्र; बं० विमा, प्रतिश्रुति, सम्पत्तिर हस्तान्तर पत्र; गु० विमो, बीजानी मिल्कत आपे ते बाबत नो कंई पुरावो लखाण।

Atmosphere हि० वातावरण, वायुमंडल; म० वातावरण; बं० वायुमंडल; गु० वातावरण।

Attack हि० आक्रमण, हमला; म० चढाई (ज्ञा० प्र०), आक्रमण; बं० आक्रमण, अभिघात, हाना (आ० बा०); गु० हुमलो (जन्म०), आक्रमण (जन्म०), घेरो, लडाई, धसारो (जन्म०)।

Attack, method (sports) बं० आक्रमणधारा (आ० बा०)।

Attack (personal) हि० आक्षेप, व्यक्तिगत आक्षेप।

Attempt हि० प्रयास (वि० मि०); म० प्रयत्न (ज्ञा० प्र०)।

Attitude हि० व्यवहार, रुख (आज); म० व्यवहार; बं० भाव, मनोभाव, अवस्था; गु० भाव, डोळ, घाट, वलण, व्यवहार।

Audience हि० श्रोता, उपस्थित जनता; म० श्रोतृ-मंडल, श्रोतृ-समाज; बं० श्रोतृवर्ग; गु० श्रोतागण, प्रेक्षक वर्ग।

Authorised capital हि० अधिकृत पूंजी, निर्धारित पूँजी; म० अधिकृत पुंजी।

Authoritarian powers एकाधिपत्यवादी शक्तियाँ (भ०)।

Authoritative हि० सप्रमाण, प्रामाणिक, अधिकृत (ह० से०); म० अधिकृत (ज्ञा० प्र०); बं० ग्रहणीय, मान्य, प्रामाणिक; गु० प्रमाणयुक्त।

Authority, on good हि० विश्वस्त सूत्र से (भारत)।

Authorities हि० अधिकारी (गण) (आज); म० अधिकारी; गु० अधिकारी।

Autonomy,-provincial हि० स्वायत्त शासन; म० आत्म-शासन; स्वराज्य सत्ता; बं० स्वायत्त शासन; गु० स्वराज्य, स्वराज्य सत्ता, कायदा करवानों स्वतंत्र अधिकार, प्रान्तिय स्वायत्त शासन।

Axis हि० अक्ष, धुरी; बं० ऐक्सिस (आ० बा०), °त्रिशक्ति; गु० धुरी।

Axis pressure हि० अक्ष-आतंक, धुरी-दबाव।

Axis power हि० धुरीराष्ट्र (आज); गु० धुरीराष्ट्र, धरी राज्य (जन्म०)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

B

Backs (sports) हि० बैक, पृष्ठस्थ; बं० ब्याक (श्रा० बा०)।

Backs, full and half हि० फुलबैक, हाफबैक, पूर्ण पृष्ठस्थ, पृष्ठार्धस्थ।

Badge हि० बिल्ला; म० बिल्ला, चिह्न, निशाणी; बं० चिह्न, चापराश; गु० चिह्न, पट्टो, निशानी, लक्षण, बिल्लो।

Bail हि० जमानत; म० जामिन।

Bail application म० जामीन-अर्ज (ज्ञा० प्र०)।

Balance of power हि० शक्ति का समतुलन (समायोग), शक्ति-सामंजस्य।

Ball (sports) हि० गेंद, बॉल; बं० बल (श्रा० बा०)।

Balloon गुब्बारा।

Balloon barrage गुब्बारों का बाँध (भ०)।

Ballot (paper) हि० गुप्तनिर्वाचन-पत्रिका, बेलट; म० सम्मति गुटिका; बं० गुलिवॉट वा चिरकुट द्वारा मत-प्रदान; गु० मत आपवानी चिट्ठी।

Ballots, voting by म० गुप्तमत-दान (ज्ञा० प्र०)।

Ban हि० रोक, मनाही, प्रतिबन्ध।

Band हि० दल, बैण्डबाजा; गु० बेन्ड, बाजुं टुकडी।

Bank हि० बंक, बैंक; म० बैंक, सराफी पेढी, ब्यांक; बं० ब्यांक, महाजनेर कुटी; गु० सराफी पेढी, पेढी, बैंक।

Banks, reserve हि० रिज़र्व बैंक; गु० रीजर्व बेंक।

Bank, saving हि० सेविंग बैंक।

Banking हि० बैंकिंग, महाजनी, सर्राफी, लेन-देन; म० सावकारी, सराफी; बं० टाका लेनदेन, रोकड़िकाज, धन व्यवहार, ब्याङ्किङ्; गु० सराफी, शराफनो धंधो।

Bankrupt हि० दिवालिया; म० दिवालिखोर, नादारी; बं० निःस्व, देउलिया, गु० देवाळीओ, नादार।

Bankruptcy हि० दिवालियापन, दिवाला; म० दिवाळे; बं० देउलिया अवस्था; गु० देवाळुं, नादारी (नादार हालत)।

Banned हि० प्रतिबन्धित (आज); गु० प्रतिबन्धित (फु० छा०)।

Barbarism हि० नृशंसता (वि० मि०)।

Barometer हि० बैरोमीटर, दबाव-मापक, भारमापक, चापमापक; म० भारमापक; बं० वायुमान यंत्र; गु० वायुमापक यंत्र, हवामान।

Barrack बैरेक।

Barricade हि० बाँध, नाकाबन्दी; म० मेढेबन्दी, अडकूट, मार्गावरोधक रचना; बं० तात्कालिक अवरोध, अटक; गु० नाका बंधी।

Bases (war) हि० आधार, केन्द्र,

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

प्रमुखस्थल, अड्डे (आज); म० विमान-तळा (ज्ञा० प्र०) बं० घाँटि (आ० बा०); गु० विमानी मथक (air base) (जन्म०)।

Bases, air हवाई अड्डे ।

Basis हि० आधार (भारत) ।

Barbed wire कँटिया तार ।

Bar (sports) हि० बार, दण्ड; बं० बार (आ० बा०)।

Barge बजरा ।

Barrack बारक, बैरक ।

Barrage बाँध ।

Batch हि० समूह, जत्था, पाली (भा० स०); म० टोळी, घाणा; गु० टुकड़ी, टोळी ।

Battalion हि० पलटन, लश्कर, बटैलियन (भ०); बं० वाहिनी, पदातिकेर पल्टन; गु० पलटण, लश्करनी टुकडी, सैन्य ।

Battle हि० युद्ध, रण, जंग ।

Battlefield हि० रणक्षेत्र ; गु० रणांगण (जन्म०)।

Battery बैटरी, तोपमाला ।

Battleship जंगी जहाज ।

Beat (sports) हि० हारना, हराना, पछाड़ना ।

Beginning (sports) हि० प्रारम्भ; बं० सूचना (आ०बा०)।

Belligerency युद्ध स्थिति, समरावस्था ।

Belligerents समराधिकारी ।

Bills, Hand-bill हि० बिल, रुक्का, विक्रय पत्र, हुण्डी, हैण्डबिल, नोटिस, पत्रक; म० हस्त पत्रक; गु० रुक्को, बील, नोंध ।

Bills (of assembly) हि० प्रस्ताव, बिल; गु० नवा कायदानो खरडो ।

Bitterness हि० झगड़ा, द्वेष, वैरभाव ।

Black-out (war) हि० अन्धेर नगरी, ब्लैक-आउट; म० रोशनी गुल, दिवा-बंदी (केसरी); गु० अंधार पीछोडो ।

Blast ब्लास्ट, धमाका ।

Blasting दोबड़ी लगाना, सुरंग लगाकर उड़ाना (भ०)।

Blind (followers) हि० अन्धानुयायी; गु० आंधळा अनुयायी ।

Blister gas व्रणकारक या सांघातिक गैस (भ०)।

Blitzkrieg (war) हि० तूफानी हमला, तड़िदाक्रमण, त्वरित युद्ध (भ०)।

Blockade (war) हि० नाकाबन्दी, (वि० मि०), घेरा; बं० अवरोध (आ० बा०)।

Blue book (war) ब्ल्यू बुक, नील पुस्तक ।

Blunder (e. g. political) हि० घोर त्रुटि, चूक, भूल; म० घोड चूक, ढोवळ चूक; बं० उत्कट भ्रम;

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

गु० मोटी भूल।

Board हि० बोर्ड, परिषद्, समिति; बं० सभा; गु० बोर्ड।

Board of directors हि० संचालक समिति; गु० संचालक समिति।

Board of revenue रेवेन्यू बोर्ड, मालगुज़ारी बोर्ड।

Board, on जहाज़ पर (जाहाजेर ऊपरे-बं०)।

Boarding हि० भोजन व्यवस्था, आहार-व्यवस्था; गु० भोजनव्यवस्था।

Boarding house हि० भोजनालय, छात्रावास।

Bolshevism बोलशेविज्म मज़दूरशाही, श्रमजीवीवाद।

Bomb, aerial हवाई बम।

Bomb, fragmentary फटनेवाले बम।

Bomb, gas गैस बम।

Bomb, grenades अनार (या अनारी बम)।

Bomb, high explosive तीव्र विस्फोटक बम।

Bomb, incendiary आग्नेय बम, आग लगाऊ बम।

Bomb, radio रेडियो बम।

Bomb, screeching चीख़नेवाले बम।

Bomb, time नियतकालिक बम।

Bomb हि० बम, गोला; म० बाम, कुलपी गोळा, बाम्ब (ज्ञा० प्र०); बं० बम्, अग्निगोलक, बोमा (आ० बा०); गु० छरानो गोळो, बॉंब गोळो।

